दिन–मंगलवार दिनांक– 24 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

अमरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम लागू हो गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने आज सुबह सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। इधर, इजराइल ने युद्ध विराम के प्रति अमरिकी राष्ट्रपति के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बयान जारी कर कहा है कि तेहरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल खतरे को दूर करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद वह युद्ध विराम के लिए सहमत हो गया है। वहीं, ईरान की ओर से अबतक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत देशहित में उचित निर्णय लेने में हिचकिचाता नहीं है। श्री मोदी ने नई दिल्ली में आज श्री नारायण गुरू और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सशक्त होते भारत में मुश्किल स्थिति में कड़े निर्णय लेने की क्षमता है। उन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ हाल ही में भारत के ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया ने देखा कि कैसे बाईस मिनट में ही दुश्मन घुटने पर आ गया। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी कठोर नीति को दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने दिखा दिया कि भारतीय का खुन बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। श्री मोदी ने श्री नारायण गुरू को श्रद्धापूर्वक याद किया।

———————————————————

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि आर्थिक विकास और संरचनात्मक विकास की दिशा में केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। मुजफ्फरपुर स्थित ललित नारायण मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्थापना दिवस पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि युवाओं को देश के विकास में योगदान के लिए तत्पर रहना चाहिए।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल में चल रहे सांगठनिक चुनाव के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए भरे नामांकन पत्रों की आज जांच की गई। राष्ट्रीय अध्यक्षप पद के लिए लालू प्रसाद यादव ने नामांकन भरा है। कोई अन्य नामांकन नहीं भरा गया है। पांच जुलाई को अध्यक्ष पद पर निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की जाएगी। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने राजद अध्यक्ष पद के लिए लालू प्रसाद के नामांकन भरने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि आरजेडी परिवारवाद से बाहर जा ही नहीं सकती है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री राय ने कहा कि आरजेडी एक परिवारवादी पार्टी है, जो भ्रष्टाचार और पारिवारिक हितों को साधने के लिए ही बनाई गयी है।

———————————————————————————

नवादा जिले के गोविन्दपुर थाना क्षेत्र स्थित ककोलत जलप्रपात में भीषण बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। राज्य से सटे झारखंड के क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण आई अचानक बाढ़ से पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया है। पर्यटकीय क्षेत्र प्रपात की सीढ़ियों पर पानी के दवाब से कई जगह रेलिंग भी क्षतिग्रस्त हो गयी है। प्रशासन ने हालात के मद्देनजर पर्यटकों के आवाजाही को पूरी तहर प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही आपदा दल की मदद से जलप्रपात और आस–पास के इलाकों में राहत के काम चलाए जा रहे हैं।

———————————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मानसून राज्य के अधिकतर भागों में सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, किशनगंज, अररिया, कैमूर और बक्सर समेत राज्य के कई भागों में भारी बारिश दर्ज की गयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले चौबीस घंटों में पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी और सुपौल जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————————

शेखपुरा जिला समाहरणालय के पास प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत कार्यरत आवास सहायक, लेखापाल और पर्यवेक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया।

---

अररिया जिले में ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने पैंतीस लोगों को उनके चोरी हुए मोबाईल फोन लौटाए।

---

शिवहर जिले में लगभग तिरेपन किलोमीटर की छब्बीस ग्रामीण सड़कों का पुर्ननिर्माण किया जाएगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।